---

**प्रेस विज्ञप्ति / Press Release** **23 अगस्त / August 2019**

---

## सिडबी द्वारा आईआईएम लखनऊ में युवा एमएसई उद्यमियों के लिए प्रबंध विकास कार्यक्रम

## SIDBI supports Management Development Programme for young MSE entrepreneurs at IIM Lucknow

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम, लखनऊ) के सहयोग से सूक्ष्म और लघु उद्यम क्षेत्र के युवा उद्यमियों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए एक नया कार्यक्रम शुरू किया है जिससे उनके व्यवसाय में बहुआयामी वृद्धि हो सके। इस कार्यक्रम को पहले प्रायोगिक आधार पर शुरू किया गया था और अब राष्ट्रीय ख्याति के अन्य संस्थानों द्वारा इसके अनुकरण किये जाने की संभावना है। सिडबी के तत्वावधान में आई आई एम, लखनऊ ने अपने प्रतिष्ठित परिसर में युवा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों के लिए प्रबंधन विकास कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

Small Industries Development Bank of India (SIDBI) in association with Indian Institute of Management (IIM) Lucknow has started a new programme to address the emerging need of young Micro and Small Enterprises (MSEs) for exponential growth of their business. The programme was earlier initiated on a pilot basis and now it has a potential to be replicated by other institutions of national repute. IIM under the aegis of SIDBI conducted the successful Management Development Programme (MDP) for young MSE entrepreneurs at their prestigious campus.

सिडबी द्वारा प्रायोजित दो सप्ताह का आवासीय कार्यक्रम हाल ही में संपन्न हुआ जिसमें देश भर के उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए शैक्षणिक ज्ञान और समस्या-सुलझाने की तकनीकों के बीच की खाई को पाटने के लिए आयोजित किया गया था।

The two-week residential programme which was sponsored by SIDBI, concluded recently which was attended by entrepreneurs from across the country. The programme was conducted to bridge the gap between academic knowledge and problem-solving techniques with special focus on the MSE sector.

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री मोहम्मद मुस्तफा, आई ए एस, ने कहा, “हमने विशेष रूप से उन उद्यमों के लिए कार्यक्रम तैयार किया है जो पहले ही उद्यम सृजन के चरण को पार कर चुके हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्यमियों को अपने उद्यम को मजबूत करने में मदद करेगा ताकि वे उभरते और प्रतिस्पर्धी वैश्विक वातावरण में अपने व्यवसाय के अगुआ बन सकें। हम इस तरह के एमडीपी को संस्थागत बनाने और अधिक से अधिक एमएसई इकाइयों के लिए पहुंच को विस्तृत करने का इरादा रखते हैं। इस कार्यक्रम के तहत हमारा लक्ष्य प्रति वर्ष 300 एमएसई इकाईयों को शामिल करने का है।”

Shri Mohammad Mustafa, IAS, Chairman and Managing Director of SIDBI said, “We have designed the programme especially for enterprises who have already crossed the enterprise creation stage. The programme will help the entrepreneurs to strengthen their enterprise so that they can spearhead their business in emerging and competitive globalized environment. We intend to institutionalize such MDPs and widen the outreach to more and more MSEs. Our aim is to cover 300 MSEs per year under this programme.”

प्रबंध विकास कार्यक्रम को संवादात्मक कक्षा प्रारूप के रूप में आयोजित किया गया था और सामग्री में केस स्टडी, रोल प्ले और प्रोजेक्ट चर्चा शामिल थी। कार्यक्रम में प्रबंधन के प्रमुख पहलुओं जैसे उत्पादन प्रबंधन, परियोजना प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन, विपणन प्रबंधन, हितधारकों का प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन, सरकार ई-मार्केटप्लेस, वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी), कानूनी पहलू, प्रेरणादायी नेतृत्व एवं नवोन्मेष को ऋण मिलने में आसानी, रणनीति और व्यापार का अर्थशास्त्र आदि को शामिल किया गया।

The MDP was conducted as an interactive classroom format and the contents included case studies, role play and project discussions. The programme covered key aspects of management namely, production management, project management, financial management, marketing management, management of stakeholders, human resource management, Government e-Marketplace, Goods and Services Tax (GST), legal aspects, ease of credit to inspiring leadership and innovation, strategy and economics of business.

संगठन में नेतृत्व की पहली पंक्ति जो परिवर्तन ला सकते है या निर्णय लेते हैं उनको ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम को डिज़ाइन किया गया है। कार्यक्रम को एमएसई प्रतिनिधियों के परामर्श से बनाया गया है और इसमें “एमएसई द्वारा एमएसई के लिए" की सच्ची भावना का अनुसरण किया गया है। प्रतिभागी विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्षेत्रों से आए थे और उन्हें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा नामित किया गया था।

The programme is designed for first line of leadership in an organization who are the change makers and decision makers. The programme has been customized in consultation with MSE representatives and follows the true spirit of “By the MSE and for the MSE”. The participants came from different domains in the manufacturing and services sector and they were nominated by public sector banks.

कार्यक्रम को एमएसई प्रतिभागियों द्वारा बहुत सराहा गया और उनका मानना था कि इसने उन्हें एक मंच दिया जहाँ पर उन्होने अपने विचारों, अनुभवों और ज्ञान को साझा किया।

The programme has been highly appreciated by MSE participants and they believed that it gave them a platform where they were able to exchange their ideas, experiences and knowledge.

**सिडबी के बारे में About SIDBI:**

1990 में अपने गठन के बाद से, सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। चाहे पारंपरिक उद्यमी हों अथवा छोटे घरेलू उद्यमी हों या पिरामिड के आधार स्तर पर अथवा उच्च-स्तरीय ज्ञान-आधारित उद्यमी हों, सिडबी ने अपने विभिन्न वित्तपोषी और विकासात्मक उपायों के माध्यम से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सूक्ष्म और लघु उद्यमियों के जीवन को स्पर्श किया है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया देखें: https://www.sidbi.in/

Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental measures. For more information, please visit: https://www.sidbi.in/

**मीडिया संपर्क:** नीलाश्री बर्मन, मोबाइल: +91 8879760249, ई-मेल: neelasrib@sidbi.in
**Media contact:** Neelasri Barman, Mobile: +91 8879760249, E-mail: neelasrib@sidbi.in